(आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78)

O.I.G.S.

डाक पंजीयन क्रमांक जयपुर सिटी/205/2024-26

सत्यमेव जयते

राजस्थान
# रोजगार संदेश
पाक्षिक

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 48 अंक 1 | Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in | 15 फरवरी, 2025 | मूल्य : 3.00 | वार्षिक शुल्क 60 रु

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**(अनुसूची–'ए' मिनिरत्न श्रेणी–1 सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)**

**विज्ञापन संख्या 01/2025/उ.क्षे.**

## उत्तरी क्षेत्र में गैर–कार्यपालक संवर्ग के पदों के लिए भर्ती

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, क्षेत्रीय मुख्यालय, उत्तरी क्षेत्र द्वारा चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के मूल निवासी पात्र उम्मीदवारों से उत्तरी क्षेत्र के विभिन्न हवाई अड्डों के लिए वरिष्ठ सहायक (राजभाषा), वरिष्ठ सहायक (लेखा), वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) और कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उपरोक्त पदों के लिए अभ्यर्थी केवल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की वेबसाइट (www-aai-aero → कैरियर) पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से जमा, आवेदन और शुल्क स्वीकार्य नहीं होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन शुरू करने की तिथि | 04.02.2025 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 05.03.2025 |

**1. पदों का ब्योरा**

| पोस्ट कोड | पद का नाम और पद का स्तर | रिक्तियों और आरक्षण की संख्या | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | यूआर | एससी | एसटी | ओबीसी (एनसीएल) | ईडब्ल्यूएस | पीडब्ल्यूडी श्रेणी (क) | पीडब्ल्यूडी श्रेणी (ख) | पीडब्ल्यूडी श्रेणी (ग) | पीडब्ल्यूडी श्रेणी (डी–ई) | एक्स–एसएम* | एक्स अग्निवीर** |
| 01 | वरिष्ठ सहायक (राजभाषा), एनई–6 स्तर | 04 | 01 | -- | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | -- | -- | -- | -- |
| 02 | वरिष्ठ सहायक (लेखा), एनई–6 स्तर | 21 | 10 | 03 | 01 | 05 | 02 | 02 | 02 | 03 | 02 | 03 | -- |
| 03 | वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स), एनई–6 स्तर | 47 | 22 | 08 | 02 | 11 | 04 | -- | -- | -- | -- | 07 | -- |
| 04 | कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) एनई–04 स्तर | 152 | 63 | 28 | 07 | 39 | 15 | -- | -- | -- | -- | 22 | 15 |

***भूतपूर्व–एस.एम. के आरक्षण में दिव्यांग भूतपूर्व–एस.एम. तथा युद्ध में मारे गए भूतपूर्व–एस.एम. के आश्रितों के लिए क्षैतिज रूप से आरक्षित 10 पद शामिल हैं।**

****इसके अलावा, भूतपूर्व अग्निवीरों को 10% का क्षैतिज आरक्षण केवल कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) पद के लिए लागू है।**

**2. परिलब्धियां**

**(क) वेतनमान और स्तर – एनई–6 लेवल (वरिष्ठ सहायक) में 36,000–3%–1,10,000 रुपये–आईडीए पैटर्न**

**(ख) वेतनमान और स्तर – एनई–4 लेवल (जूनियर असिस्टेंट) में 31,000–3%–92,000 रुपये–आईडीए पैटर्न**

मूल वेतन के अतिरिक्त, महंगाई भत्ता, मूल वेतन के 35% की दर से अनुलाभ, एचआरए और अन्य लाभ, जिसमें सीपीएफ, ग्रेच्युटी, सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ, चिकित्सा लाभ आदि शामिल हैं, भाविप्रा के नियमों के अनुसार स्वीकार्य हैं।

**2 आयु सीमा और आयु में छूट**

अधिकतम आयु सीमा 05.03.2025 तक 30 वर्ष है और सरकारी मानदंडों के अनुसार आयु में छूट है।

**3. शैक्षणिक योग्यता और अनुभव**

| पोस्ट कोड | पद का नाम /स्तर | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 01 | वरिष्ठ सहायक (राजभाषा), एनई–6 स्तर | स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी में स्नातकोत्तर अथवा स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिंदी के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर<br>**अथवा**<br>स्नातक स्तर पर अनिवार्य/वैकल्पिक विषयों के रूप में हिंदी और अंग्रेजी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी/अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी भी विषय में मास्टर डिग्री।<br>**अथवा**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी / अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी माध्यम और अनिवार्य / वैकल्पिक विषय अथवा परीक्षा का माध्यम हिंदी और अंग्रेजी होना चाहिए। अर्थात यदि स्नातक स्तर पर हिंदी माध्यम है तो अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय होना चाहिए या अंग्रेजी माध्यम है तो हिंदी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय होना चाहिए।<br>**अथवा**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के साथ स्नातक की डिग्री अथवा दोनों में से कोई एक परीक्षा के माध्यम के रूप में और अन्य अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में हो साथ ही हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद का मान्यता प्राप्त डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम अथवा भारत सरकार के उपक्रमों अथवा प्रतिष्ठित संस्थानों सहित केंद्र/राज्य सरकार के कार्यालयों में हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद का दो वर्ष का अनुभव।<br>**योग्यता मानदंडों के अतिरिक्त, एमएस ऑफिस (हिन्दी) में कंप्यूटर साक्षरता परीक्षा।**<br>**अनुभवः संबंधित विषय में दो वर्ष (2) का संगत अनुभव।** |
| 02 | वरिष्ठ सहायक (लेखा), एनई–6 स्तर | स्नातक अधिमानतः बी.कॉम. एमएस ऑफिस में कंप्यूटर साक्षरता परीक्षा सहित।<br>**अनुभवः संबंधित विषय में दो वर्ष (2) का संगत अनुभव।** |
| 03 | वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स), एनई–6 स्तर | इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलिकम्युनिकेशन/रेडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।<br>**अनुभवः संबंधित विषय में दो वर्ष (2) का संगत अनुभव।** |
| 04 | कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) एनई–04 स्तर | क) 10वीं पास + मैकेनिकल/ऑटोमोबाइल/अग्निशमन में 3 साल का स्वीकृत नियमित डिप्लोमा।<br>**(या)**<br>ख) 12वीं पास (नियमित अध्ययन) |
| | ड्राइविंग लाइसेंस | क) वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस;<br>या<br>ख) विज्ञापन की तिथि से कम से कम **एक वर्ष** पहले जारी किया गया वैध मध्यम वाहन लाइसेंस।<br>या<br>ग) विज्ञापन की तिथि से कम से कम दो वर्ष पहले जारी किया गया वैध लाइट मोटर वाहन लाइसेंस (एलएमवी)।<br>उपर्युक्त (ख) और (ग) के मामले में, पदधारियों को अपनी परिवीक्षा अवधि पूरी होने से पहले नियुक्ति के एक वर्ष के भीतर हैवी ड्यूटी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना अपेक्षित है।<br>यदि वे हैवी–ड्यूटी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने में विफल रहते हैं, तो हैवी ड्यूटी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए उनकी परिवीक्षा अवधि एक और वर्ष के लिए बढ़ा दी जाएगी, तब तक उन्हें स्थायी नहीं किया जाएगा और उनकी वेतन वृद्धि भी रोक दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, दो साल के बाद और समय नहीं दिया जाएगा और उनकी सेवाएं समाप्त हो जाएंगी।<br>**अस्थायी/ लर्निंग लाइसेंस स्वीकार नहीं किया जाएगा।** |

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान

शेखपुरा, पटना - 800 014
(बिहार सरकार का एक स्वायत्त संस्थान) आईजीआईएमएस मेडिकल कॉलेज, आईजीआईएमएस नर्सिंग कॉलेज
फोन: 0612-2297631, 2297099; फैक्स: 0612-2297225, वेबसाइट: www.igims.org; ई-मेल: director@igims.org

विज्ञापन संख्या: 03/Faculty/IGIMS/Estt./2025 - Jan दिनांक: 18-01-2025

## विभिन्न विभागों के लिए संकाय पदों पर नियुक्ति

इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के विभिन्न विभागों में निम्नलिखित सहायक प्राध्यापक के पदों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर नियमित नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र.सं. | विभाग के नाम | पद | रिक्तियों की संख्या | रोस्टर स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | न्यूक्लियर मेडिसिन | सहायक प्राध्यापक | 04 | अनारक्षित-02, अनारक्षित-(महिला)-01, अनुसूचित जाति-01 |
| 02 | मेडिकल फिजिक्स | सहायक प्राध्यापक | 03 | अनारक्षित-02, अनुसूचित जाति-01 |

**नोट:** उपरोक्त रिक्तियां अनंतिम हैं और इनमें परिवर्तन हो सकता है। निदेशक, आईजीआईएमएस, पटना को बिहार सरकार के नियमों / परिपत्रों और आवश्यकताओं के अनुसार आरक्षित रिक्तियों सहित रिक्तियों में परिवर्तन करने का अधिकार है।

**वेतनमान :**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | सहायक प्राध्यापक | लेवल 12 (रु. 101500) + एनपीए एवं अन्य भत्ते (केवल मेडिकल योग्य उम्मीदवारों के लिए एनपीए) |

**ऊपरी आयु सीमा : संकाय पदों के लिए आवेदन जमा की अंतिम तिथि को 50 वर्ष।**

**राज्य सरकार के नियमानुसार नियमित नियुक्ति के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट, यानी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति के लिए 05 वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग / पिछड़ा वर्ग के लिए 03 वर्ष और सभी श्रेणियों की महिला उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष।**

- **महिला उम्मीदवार की अनुपलब्धता के मामले में (जहां लागू हो) संबंधित विभाग के लिए उसी श्रेणी के पुरुष उम्मीदवार पर विचार किया जा सकता है।**
- **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग उम्मीदवार की अनुपलब्धता के मामले में (जहां लागू हो) संबंधित विभाग के लिए अनारक्षित उम्मीदवार पर विचार किया जा सकता है।**

**सहायक प्रोफेसर के विज्ञापित पदों के लिए आवश्यक योग्यताएं और अनुभव निम्नानुसार हैं :-**

| क्र. सं. | विभाग के नाम | पद के लिए आवश्यक योग्यताएं और अनुभव |
|---|---|---|
| 01 | न्यूक्लियर मेडिसिन | **आवश्यक योग्यताएं :-**<br>1) भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की अनुसूची I और II या तीसरी अनुसूची के भाग II में वर्णित चिकित्सा योग्यता (तीसरी अनुसूची के भाग II में शामिल योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को अधिनियम की धारा 13 (3) में निर्दिष्ट शर्तों को भी पूरा करना चाहिए)।<br>2) स्नातकोत्तर योग्यता, यानी न्यूक्लियर मेडिसिन में एमडी या इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त योग्यता।<br>**अनुभव :-**<br>न्यूक्लियर मेडिसिन में एमडी या इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त योग्यता प्राप्त करने के बाद विशेषज्ञता के विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान में तीन साल का शिक्षण एवं / या अनुसंधान का अनुभव। |
| 02 | मेडिकल फिजिक्स | **आवश्यक योग्यताएं :-**<br>1) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातकोत्तर योग्यता अर्थात मेडिकल फिजिक्स में एम.एससी या फिजिक्स में एम.एससी के साथ रेडियोलॉजिकल फिजिक्स में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त योग्यता।<br>2) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की डिग्री।<br>**अनुभव :-**<br>डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने के बाद संबंधित विशेषज्ञता के अनुशासन / विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान में तीन साल का शिक्षण और / या अनुसंधान का अनुभव। |

**नोट :** डीएनबी समकक्षता :- जो लोग योग्यता शिक्षा के रूप में व्यापक विशेषज्ञता या सुपर स्पेशियलिटी में डीएनबी रखते हैं, उन्हें एमसीआई, नई दिल्ली अधिसूचना दिनांक 31.10.2018 के अनुसार एमडी / एमएस / डीएम / एम.सीएच के साथ डीएनबी समकक्षता के बारे में सक्षम / उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। जिन लोगों ने उपरोक्त एमसीआई अधिसूचना के पैरा 2 (ए) और (बी) के तहत दिए गए संस्थान से डीएनबी प्रशिक्षण लिया है - उन्हें योग्यता डिग्री के बाद अतिरिक्त अनुभव की आवश्यकता नहीं होगी। जिन लोगों ने उपरोक्त एमसीआई अधिसूचना के (सी) और (डी) में दिए गए संस्थान में डीएनबी प्रशिक्षण लिया है, उन्हें समकक्षता के लिए एमसीआई से मान्यता प्राप्त / अनुमति प्राप्त संस्थान से क्रमशः 1 वर्ष एवं 2 वर्ष का अतिरिक्त अनुभव यानी कुल 4 एवं 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**अनुभव : अनुभव की गणना आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार की जाएगी।**

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर है।** पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को अपेक्षित दस्तावेजों के साथ स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक / कूरियर द्वारा केवल इस पते पर जमा करें : **निदेशक, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना - 800014**

**प्रयुक्त संक्षिप्त नाम :** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), अनारक्षित (यूआर), पिछड़ी जाति (बीसी), अत्यंत पिछड़ी जाति (ईबीसी), अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), महिला पिछड़ी जाति (डब्ल्यूबीसी)

### सामान्य निर्देश

1. **आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट http:www.igims.org से डाउनलोड किया जा सकता है।**
2. **आवेदन का शुल्क:** आवेदन पत्र का शुल्क (गैर-वापसी योग्य) रु. 1000 / - एक हजार **(रु. 250 / - दो सौ पचास: अत्यंत पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति उम्मीदवारों के लिए) है।** सभी तरह से भरा हुआ आवेदन पत्र अपेक्षित आवेदन शुल्क (गैर-वापसी योग्य) के साथ **निदेशक, आईजीआईएमएस, पटना-14 के पक्ष में पटना में देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ होना चाहिए। आवेदन शुल्क के साथ आवेदन न करने वाले आवेदन / आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।**
3. कार्यरत उम्मीदवार हेतु चयन और नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद, योगदान करने से पहले पिछले नियोक्ता से त्यागपत्र के बाद डिस्चार्ज / विरमित प्रमाणपत्र अनिवार्य है।
4. वेतन के अलावा, एनपीए (केवल मेडिकल उम्मीदवार के लिए) और अन्य भत्ते नियमित नियुक्ति के लिए नियमानुसार स्वीकार्य होंगे।
5. ये पद **गैर-अभ्यास** वाले हैं और प्रयोगशाला अभ्यास सहित किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष निजी अभ्यास सख्त वर्जित है। यदि ऐसे अभ्यासों में लिप्त पाया जाता है, तो उम्मीदवार की नियुक्ति समाप्त कर दी जाएगी।
6. परिसर में रहना अनिवार्य है, यदि आवास उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो नियमानुसार मकान किराया भत्ता देय होगा।
7. आरक्षण बिंदु और ऊपरी आयु सीमा में छूट बिहार सरकार के नियमानुसार लागू होगी। **आरक्षण का लाभ केवल बिहार राज्य के मूल निवासी उम्मीदवार को ही मिलेगा और बिहार राज्य के बाहर के आवेदक आरक्षण के लिए पात्र नहीं होंगे। शारीरिक रूप से दिव्यांग उम्मीदवार को बिहार सरकार के नियमानुसार आरक्षण और छूट का लाभ दिया जाएगा। सरकारी संस्थान में काम करने वाले व्यक्ति को नियमानुसार छूट दी जाएगी।**
   1. पिछड़ा वर्ग / अत्यंत पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षण बिहार सरकार के नियमों के अनुसार है और OPH उम्मीदवारों सहित PWD के लिए 4% (क्षैतिज आधार पर) है।
   2. **पिछड़ा वर्ग / अत्यंत पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार के लिए:** उम्मीदवारों को बिहार सरकार द्वारा निर्धारित पदों के लिए वैध प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा, जिसमें उल्लेख किया गया हो कि उम्मीदवार क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है **(फॉर्म-एक्स)**। प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि साक्षात्कार की तिथि से 01 वर्ष से पहले की नहीं होनी चाहिए।
   3. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण पत्र 01-04-2024 के बाद साक्षात्कार की तिथि तक जारी किया जाना चाहिए।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

THE UNIVERSITY OF QUEENSLAND AUSTRALIA | Indian Institute of Technology Delhi

# उदार छात्रवृत्ति के साथ एक विश्व-अग्रणी संयुक्त पीएच.डी कार्यक्रम में शामिल हों

**क्वींसलैंड विश्वविद्यालय (ऑस्ट्रेलिया) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के साथ मिलकर अनुसंधान अकादमी के माध्यम से पीएच.डी पाठ्यक्रम प्रदान कर रहें हैं**

जुलाई 2025 में पीएच.डी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान (साइंस), प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी), अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग), गणित (मैथमैटिक्स), स्वास्थ्य सेवा (हेल्थकेयर) मानविकी (ह्यूमैनिटिज), या सामाजिक विज्ञान (सोशल साइंसेज) के पृष्ठभूमि वाले असाधारण आवेदकों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित कर रहे हैं।

कार्यक्रम के सफल समापन पर, छात्रों को दोनों विश्वविद्यालयों से संयुक्त डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी) से सम्मानित किया जाएगा।

UQ IITD Research Academy

## अकादमी में क्यों शामिल हों

- संयुक्त रूप से सम्मानित पीएच.डी उपाधि
- दो विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों में अध्ययन का अवसर
- उदार छात्रवृत्ति का लाभ
- ऑस्ट्रेलिया और भारत में अध्ययन का मौका
- यात्रा निधि और अनुसंधान यात्रा अनुदान का लाभ

**आज ही आवेदन करें**
यूक्यू-आईआईटीडी संयुक्त पीएच.डी कार्यक्रम के लिए ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 18 मार्च 2025 है।
ईओआई जमा करने के लिए **www.uqiitd.org/apply** पर जाएँ

---

# नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर

तकनीकी सहयोग संस्थान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेन्टर (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, निम्नलिखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है :

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | आयु | मुआवजा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कन्सल्टेंट – हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी (हेल्थ टेक्नोलॉजी असेसमेंट), एनएचएसआरसी | 01 | 45 वर्ष और उससे कम | रु. 60,000/– से 1,20,000/– के मध्य |

**योग्यता और अनुभव** : आवश्यक योग्यता और अनुभव के विवरण के साथ टर्म्स ऑफ रेफरेन्स (टीओआर) वेबसाइटों **www.nhsrcindia.org**, **www.mohfw.gov.in** और **www.devnetjobsindia.org** पर उपलब्ध हैं।

आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप (जैसा वेबसाइटों पर उल्लेख किया गया है) में ही पहुंचने चाहिए।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : **26 फरवरी, 2025**

**कृते प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, एनएचएसआरसी**

---

# राष्ट्रीय क्षय एवं श्वसन रोग संस्थान

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
श्री ऑरोबिन्दो मार्ग, नज़दीक कुतुब मीनार, नई दिल्ली-110030

## भर्ती सूचना सं. 2/फरवरी 2025

निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित शुल्क के साथ आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं और ये आवेदन **31.03.2025 को 15:30 बजे** तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए।

| क्र.सं. | ग्रेड पे के साथ पद एवं वेतन बैंड | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | विशेषज्ञ ग्रेड-II (थोरैसिक सर्जरी)-स्तर-11 | एक (अनारक्षित) |

पद, आयु, योग्यता, आवेदन पत्र, नियम और शर्तें आदि का विवरण वेबसाइट www.nitrd.nic.in / संस्थान के नोटिस बोर्ड से प्राप्त किये जा सकते हैं।

निदेशक

---

# कृषि विज्ञान केंद्र कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक न्यास

**पी.ओ. कस्तूरबा ग्राम**
**इंदौर - 452020 (म.प्र.)**

कृषि विज्ञान केंद्र, कस्तूरबा ग्राम, इंदौर (म.प्र.) में निम्नलिखित पद पर भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

**पद : वरिष्ठ वैज्ञानिक-सह-प्रमुख-01 पद**

**वेतनमान :** वेतन स्तर - 13ए (रु.1,31,400-2,17,100/-) (7वां सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के अनुसार)

आवश्यक योग्यता, आयु, नियुक्ति की शर्त, आवेदन प्रपत्र आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.kvk indore.co.in** या **www. kgnmtrust.org** देखें.

विधिवत भरे हुए आवेदन (केवल हार्ड कॉपी) **10.03.2025 (अपराह्न 5:00 बजे) तक** या उससे पहले अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किए जाने चाहिए.

**सचिव**

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी
## गुवाहाटी – 781039

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी (आईआईटी गुवाहाटी) निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे केवल ऑनलाइन ही आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### कनिष्ठ अभियंता

**पदों की संख्या: 01 पद (अनारक्षित)।**

**आयु सीमा: 30 वर्ष से अधिक नहीं (आईआईटी गुवाहाटी के नियमित कर्मचारियों के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं)।**

**शैक्षिक और अन्य योग्यता:** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या समकक्ष में स्नातक की डिग्री, या, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 3 वर्ष का अनुभव।

**कुलसचिव / Registrar**

### सामान्य नियम एवं शर्तें

1. आवेदकों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा, जो इस प्रकार है: ₹500/- (सामान्य/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए)। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों, महिला आवेदकों और पीडब्ल्यूडी आवेदकों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।
2. आवेदकों को नीचे दिए गए लिंक में उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा: **https://online.iitg.ac.in/recruitment** आवेदन/दस्तावेज की कोई भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता नहीं है।
   लिंक **15.02.2025** को **शाम 5:00** बजे (भारतीय मानक समय) से सक्रिय हो जाएगा।
   ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: **17.03.2025 शाम 05:00 बजे** (भारतीय मानक समय) तक।
3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक के लिए आयु में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार होगी। **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार जो अनारक्षित (यूआर) पद के लिए आवेदन करते हैं, वे आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।**
4. आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। ओबीसी (एनसीएल) / ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित आवेदकों को भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी से नवीनतम ओबीसी (एनसीएल) / ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा, जो एक वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए (आवेदन की अंतिम तिथि से)। अन्यथा, ऐसे आवेदकों को अनारक्षित श्रेणी के आवेदक माना जाएगा। इसी प्रकार, पीडब्ल्यूडी आवेदकों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता का प्रतिशत उल्लेख करते हुए दिव्यांगता का प्रमाण अपलोड करना होगा।
5. आवेदक प्रस्तुत की गई जानकारी/दस्तावेजों और तस्वीर की प्रामाणिकता के लिए जिम्मेदार होगा। विज्ञापन के अनुसार पद के लिए अपनी पात्रता का आकलन करना आवेदक की जिम्मेदारी है। यदि भविष्य में कभी भी, चयन प्रक्रिया के दौरान या नियुक्ति के बाद भी, यह पता चलता है कि आवेदक संस्थान के निर्धारित भर्ती नियमों के अनुसार पात्र नहीं था, जिसे किसी भी कारण से चयन के समय पता नहीं लगाया जा सका, तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति तुरंत रद्द/समाप्त कर दी जाएगी।
6. केवल शर्तों को पूरा करने से यह गारंटी नहीं होती है कि आवेदक चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। संस्थान को शॉर्टलिस्टिंग और चयन के लिए आवेदकों की स्क्रीनिंग और परीक्षण के तरीके का निर्णय लेने का अधिकार है। इसलिए, आवेदकों को न्यूनतम निर्धारित योग्यता से ऊपर, प्रासंगिक क्षेत्रों में प्राप्त योग्यताओं और अनुभव का पूरा विवरण देना चाहिए। चयन प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजी साक्ष्यों का सत्यापन किया जाएगा।
7. आयु और अनुभव के निर्धारण की तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि यानी 17.03.2025 होगी।
8. एक बार जमा किया गया आवेदन किसी भी परिस्थिति में बदला/पुनः जमा नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवार द्वारा दर्ज की गई किसी भी जानकारी में परिवर्तन करने के संबंध में, एक बार आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो जाने के बाद, कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए, कृपया ऑनलाइन आवेदन भरना शुरू करने से पहले सभी जानकारी तैयार रखें।
9. सरकारी/पीएसयू में नियमित सेवा में कार्यरत व्यक्तियों को आवेदन पत्र के साथ **एनओसी** (अनापत्ति प्रमाण पत्र) अपलोड करना होगा। यदि कोई उम्मीदवार एनओसी अपलोड करने में असमर्थ है, तो उन्हें साथ संलग्न प्रारूप में एक **हलफनामा** देना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
10. अधूरे आवेदन / आंशिक रूप से भरे हुए आवेदन पत्र / सहायक दस्तावेजों के बिना आवेदन खारिज कर दिए जाएंगे।
11. विज्ञापन में कोई भी संशोधन/परिवर्तन, यदि कोई हो, तो केवल संस्थान की वेबसाइट (**www.iitg.ac.in**) पर प्रकाशित किया जाएगा।
12. चयन संस्थान द्वारा आयोजित की जाने वाली लिखित/कौशल परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। परीक्षणों के पैटर्न और पाठ्यक्रम का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जब परीक्षणों की तिथि घोषित की जाएगी।
13. संस्थान उपरोक्त पद के लिए उम्मीदवारों का चयन करने के लिए कोई अन्य परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
14. ऊपर संदर्भित डिग्री वे हैं जो यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रदान की गई हैं।
15. संस्थान किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और यदि कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलता है तो पदों को फिर से विज्ञापित करने का भी अधिकार रखता है। **इसके अलावा, संस्थान उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए उपयुक्त मानदंड निर्धारित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।** इस संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
16. संस्थान भर्ती प्रक्रिया के दौरान या सेवा की अवधि के दौरान किसी भी समय किसी आवेदक द्वारा प्रस्तुत पूर्ववृत्त या दस्तावेजों का सत्यापन करेगा। यदि यह पाया जाता है कि आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज नकली हैं या आवेदक के अवांछनीय या गुप्त पूर्ववृत्त/पृष्ठभूमि है और उसने उक्त जानकारी को दबा दिया है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जाएंगी।
17. चयन की प्रक्रिया में किसी भी अनजाने में हुई गलती के मामले में, जिसे नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी किसी भी स्तर पर पाया जा सकता है, संस्थान के पास आवेदक को किए गए किसी भी संचार को संशोधित/वापस लेने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
18. संस्थान विज्ञापित पद को नहीं भरने और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
19. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे पद के लिए आवेदन करने से पहले विज्ञापन के अनुसार अपनी पात्रता की जांच कर लें।
20. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के दौरान सत्यापन के लिए सभी मूल दस्तावेज लाने होंगे।
21. सभी मामलों में संस्थान का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। कोई अंतरिम पत्राचार नहीं किया जाएगा। चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी विवाद गुवाहाटी अधिकार क्षेत्र के न्यायालयों/अधिकरणों के अधीन होगा।
22. किसी भी रूप में पैरवी करना/राजनीतिक या अन्यथा कोई भी प्रभाव डालना पद के लिए अयोग्यता माना जाएगा। **"अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा"।**
23. तकनीकी मुद्दों से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, **rec_admin@iitg.ac.in** पर एक ईमेल भेजा जा सकता है।
24. सभी पत्राचार (साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर आदि) केवल ईमेल के माध्यम से किए जाएंगे। इसलिए, सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सही ईमेल पता प्रदान करें और संस्थान से किसी भी अपडेट के लिए संस्थान की वेबसाइट (www.iitg.ac.in) के अलावा अपने ईमेल को नियमित रूप से जांचें।
25. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को कोई **यात्रा भत्ता (टीए)/ दैनिक भत्ता (डीए) नहीं दिया जाएगा**, जैसा कि लागू है।

**विज्ञापन संख्या: IITG/R/01/2025 दिनांक 27.01.2025**

### आवेदक की ओर से हलफनामा

मैं, डॉ./श्री/सुश्री ____________________ पुत्र/पुत्री डॉ./श्री/सुश्री ____________________ निवासी ____________________ पिन ____________ और वर्तमान में ____________ (स्थान) में (संस्थान/कार्यालय का नाम) ____________________ में ____________ (पदनाम) के रूप में कार्यरत हूं, ने आईआईटी गुवाहाटी में ________ (तिथि) को (पद का नाम) ______________ पद के लिए आवेदन किया है।

मैं यहां निम्नलिखित नियमों और शर्तों का पालन करने का वचन देता/देती हूं:

1. मैं लिखित परीक्षा की निर्धारित तिथि से कम से कम एक सप्ताह पहले rec_admin@iitg.ac.in पर और aradmin@iitg.ac.in पर एक प्रति के साथ अपने नियोक्ता से एनओसी जमा करूंगा/करूंगी।
2. यदि मैं उपरोक्त क्रम संख्या 1 के अनुसार इसे जमा करने में असमर्थ रहता/रहती हूं, तो मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

**(तिथि के साथ हस्ताक्षर)**

नाम:

स्थान:

# नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
(CIN : L74899DLI974GOI007417)
ए-11, सेक्टर–24, नोएडा जिला: गौतम बुद्ध नगर, उ.प्र. – 201301
फोन नं. : 0120–2412294, 2412445, फैक्स: 0120–2412397

विज्ञापन संख्याः 01(एनएफएल)/2025

## अनुभवी विपणन पेशेवरों की भर्ती–2025

दिनांक : 04.02.2025

नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड (एनएफएल), एक नवरत लाभार्जन करने वाला केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का प्रमुख उपक्रम है जो उर्वरक तथा अन्य कृषि–सहायक सामग्रियों के विनिर्माण एवं विपणन में कार्यरत है, जिसका उद्देश्य सभी हिलधारकों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ उर्वरक तथा अन्य क्षेत्रों में एक अग्रणी भारतीय कंपनी बनना है। एनएफएल के पास पाँच गैस आधारित अमोनिया–यूरिया संयंत्र हैं, जिसमें पंजाब में नंगल और बठिंडा इकाइयाँ, हरियाणा में पानीपत इकाई और मध्य प्रदेश के गुना जिले में विजयपुर इकाई में दो संयंत्र हैं। एनएफएल में निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए ऊर्जावान, युवा और योग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

**A. रिक्त स्थिति**

| पद कोड | पद का नाम और स्तर | 2017 आईडीए आधारित वेतन मान | कुल रिक्त पद | श्रेणीवार रिक्तियां | | | | | | | पीडब्ल्यूडी श्रेणियों के लिये चिन्हित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना–रक्षित | अनु. जाति | अनु.ज. जाति | अ.पि.व. (एनसीएल) | ईडब्ल्यू एस | पीडब्ल्यू बीडी | भू.पू. सैनिक | |
| 61000131 | उप महाप्रबंधक (विपणन) ई–7 | ₹ 100000-260000 | 02 | 02 | - | - | - | - | - | - | I. बी, एल.वी<br>II. डी, एचएच<br>III. ओए, ओएल, बीए, बीएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>IV. एसएलडी, एमआई<br>V. एमडी–ऊपर शामिल |

**B. न्यूनतम पात्रता मानदंड**

| पद कोड | पद का नाम | आयु सीमा | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | शैक्षणिक योग्यता उपरांत इनलाइन कार्यकारी कार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| 61000131 | उप महाप्रबंधक (विपणन) | न्यूनतम– 18 वर्ष अधिकतम– 50 वर्ष | यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से मार्केटिंग/ एग्रीबिजनेस मार्केटिंग/एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट/एग्रीबिजनेस/एग्रीकल्चर बिजनेस मैनेजमेंट/इंटरनेशनल बिजनेस / एग्रीकल्चर एंड फूड बिजनेस/फूड एंड एग्रीबिजनेस/ग्रामीण प्रबंधन/विदेश व्यापार /अंतर्राष्ट्रीय मार्केटिंग में न्यूनतम 60 प्रतिशत (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/विभागीय उम्मीदवारों के लिए 50 प्रतिशत) अंक के साथ 02 साल का पूर्णकालिक एमबीए/पीजीडीबीएम/पीजीडीएम। या यूजीसी/एआईसीटीई/आईसीएआर द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से कृषि में बी.एससी के साथ, न्यूनतम 60 प्रतिशत (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/विभागीय उम्मीदवारों के लिए 50 प्रतिशत) अंकों के साथ एम.एससी (कृषि) किसी भी विषय में विशेषज्ञता के साथ या कृषि के किसी भी विषय में विशेषज्ञता के साथ एम.एससी.। | शैक्षणिक योग्यता उपरांत न्यूनतम 22 वर्ष का बीज उर्वरक, जैविक/जैव–उर्वरक, कृषि रसायन आदि जैसे कृषि इनपुट की ग्रामीण क्षेत्र में बिक्री में मार्केटिंग में इनलाइन अनुभव या अंतर्राष्ट्रीय विपणन/उर्वरक आयात में अनुभव |

विस्तृत विज्ञापन के लिए, जिसमें आरक्षण/रियायतें/छूट, वेतन और भत्ते, चयन की प्रक्रिया, आवेदन कैसे करें और सामान्य निर्देशों से संबंधित अन्य नियम और शर्तें शामिल हैं, **www.nationalfertilizer.com**→करियर→ एनएफएल में भर्ती→अनुभवी विपणन पेशेवरों की भर्ती–2025 पर जाएं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 03.03.2025 है।

महाप्रबंधक (मा.सं–कार्मिक)

---

# दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति

**पर्यावरण विभाग, (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार)**
**5वीं मंजिल, आईएसबीटी बिल्डिंग, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6**
**हमसे यहां मिलें : http://dpcc.delhigovt.nic.in**

LiFE Lifestyle For Environment

**क्रमांकः डीपीसीसी/(3)(2)(76)/प्रशासन–24**

## सहायक पर्यावरण अभियंता के पद पर भर्ती

यूपीएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध, यूपीएससी के सूचीबद्ध इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा (ईएसई), 2023 के गैर-अनुशंसित उम्मीदवारों से दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) में नियमित आधार पर **सहायक पर्यावरण इंजीनियरों (एईई)** के पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उम्मीदवार की अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए (समय-समय पर जारी जीएनसीटीडी/जीओआई के निर्देशों/आदेशों के अनुसार एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी आदि और सरकारी कर्मचारियों के मामले में छूट). नियमित आधार पर भरी जाने वाली अस्थायी रिक्तियों का विवरण इस प्रकार हैः-

| पद का नाम | वेतन स्तर (7वें सीपीसी में) | एस सी | एस टी | ओबीसी | ईडब्ल्यू एस | यूआर | कुल (अनंतिम) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
